महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
Ministry of Education
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(Ministry of HRD, Govt. of India)
Ministry of Education
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक: 30.06.2022

कार्यालय आदेश – 1154

विषय : प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों की शैक्षणिक सत्र – 2022-23 में मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में ।

प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों में "वेदभूषण" –प्रथम से पंचम वर्ष तथा "वेदविभूषण" – प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों के सस्वर वेद अध्ययन की गुणवत्ता का आंकलन करने एवं अध्ययन में सुधार की दृष्टि से प्रतिष्ठान द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रतिष्ठान से अनुदानित प्रत्येक वेदपाठशाला / इकाई में अध्ययनरत छात्रों की वेद की ऑनलाइन मासिक परीक्षा आयोजित की जाएगी ।

(2) प्रत्येक माह की 11 से 20 तारीख तक प्रतिष्ठान परिसर में संचालित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के वेद अध्यापक संपूर्ण देश में प्रतिष्ठान से अनुदानित वेदपाठशालाओं / इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों की वेद की ऑनलाइन मासिक परीक्षा आयोजित करेंगे ।

(3) ऑनलाइन परीक्षा में वेदपाठशाला / इकाई के छात्र सम्मिलित होंगे । वेद अध्यापकों की उपस्थिति में परीक्षा आयोजित होगी ।

(4) प्रतिष्ठान द्वारा "वेदभूषण"–प्रथम से पंचम वर्ष तथा "वेदविभूषण"– प्रथम एवं द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रम में मासिक आधार पर निर्धारित पाठ्यक्रम भाग के अनुसार ऑनलाइन मासिक परीक्षा में प्रश्न सम्मिलित किए जाएंगे । सप्तम, षष्ठ, पंचम रीति से वरीयता क्रम में परीक्षा आयोजित होगी । वेद सस्वर उच्चारण, कंठस्थीकरण तथा स्वर संचालन पर अंक दिए जाएंगे ।

(5) परीक्षा विभाग के श्री विपिन उपाध्याय एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी देशभर में अनुदानित वेद पाठशाला /इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों की वेद अनुसार सूची एवं शैक्षणिक सत्र 2022-23 का मासिक परीक्षा कार्यक्रम तैयार कर शाखा क्रम से राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के वेद अध्यापकों देंगे ।

(6) प्रत्येक माह आयोजित होने वाली ऑनलाइन वेद परीक्षा के लिए वेदपाठशालाओं/इकाइयों को मासिक परीक्षा सारणी ईमेल/ दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा ।

(7) परीक्षा के लिए ऑनलाइन लिंक प्रेषित करने, कम्प्यूटर साफटवेअर से परीक्षा परिणाम तैयार करने एवं अन्य तकनीकि कार्य प्रतिष्ठान में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर (आई.टी. सहायक) करेंगे ।

(8) प्रत्येक माह ऑनलाइन आयोजित होने वाली परीक्षा का परीणाम प्रत्येक माह की 25 तारीख को अधोहस्ताक्षरित को प्रस्तुत किया जाएगा ।यह मानदेय जारी हेतु निरीक्षण माना जाएगा । मासिक परीक्षा में अनुपस्थित छात्र एवं अध्यापक को अनुदान जारी नहीं किया जाएगा ।

(9) माह की 30 तारीख को प्रत्येक पाठशाला / इकाई को कम्प्यूटर जनरेटेड परीक्षा परिणाम ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा ।

30.6.2022

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :(1) सचिव के निजी सचिव, मसारावेविप्र, उज्जैन
(2)अनुभाग अधिकारी, मसारावेविप्र, उज्जैन
(3) श्री विपिन उपाध्याय एवं अन्य कर्मचारी
(4) राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के समस्त वेद अध्यापक ।
(5) कार्यालय आदेश पत्रावली

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in